लैपटॉप के लिए आज सिंगल क्लिक से 2 .34 करोड़ होंगे ट्रांसफर

बड़वानी, (नवभारत)।
जिले में एमपी बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 936 विद्यार्थियों के खाते में आखिरकार लैपटॉप की राशि पहुंचने जा रही है। 1 सितंबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में 25-25 हजार रुपए ट्रांसफर करेंगे। इस तरह जिले के मेधावी विद्यार्थियों को 2 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि मिलेगी।

हालांकि विद्यार्थियों को यह लाभ पिछले साल की तुलना में दो माह की देरी से मिल रहा है। पिछले वर्ष जुलाई में ही पात्र विद्यार्थियों के खातों में राशि पहुंच गई थी।

मेधावी विद्यार्थियों के लिए

75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के खाते में 1 सितंबर को राशि अंतरित की जाएगी। स्कूटी के लिए अभी कोई निर्देश नहीं आए हैं।
ज्योति पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी बड़वानी

लैपटॉप की राशि जारी होने की तारीख तो तय हो गई है, लेकिन स्कूटी योजना अब भी स्पष्ट निर्देशों के इंतजार में है। सरकारी स्कूलों में कक्षा 12वीं में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले टॉपर्स को इस योजना का लाभ दिया जाता है। पेट्रोल स्कूटर के लिए 90 हजार रुपए और इलेक्ट्रिक वाहन के लिए 1.20 लाख रुपए दिए जाते हैं। इस वर्ष जिले के 107 विद्यार्थियों को स्कूटी योजना का लाभ मिलना था, लेकिन नए नियमों में शाला टॉपर के साथ 70 प्रतिशत अंक प्राप्त होना अनिवार्य करने से 8 बच्चे योजना से अपात्र हो गए। अब 99 बच्चों को इस योजना का लाभ मिलेगा। हालांकि पिछले वर्ष 2024-25 में 107 विद्यार्थियों को यह राशि दी गई थी। शिक्षा विभाग आवश्यक जानकारी भोपाल भेज चुका है, लेकिन अब तक स्कूटी वितरण को लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं आए है। इसके चलते स्कूटी टॉपर्स को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है।

लैपटॉप योजना की राशि को लेकर इस वर्ष विद्यार्थियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। पिछले वर्ष जुलाई में ही 595 विद्यार्थियों के बैंक खातों में राशि पहुंच गई थीए जबकि इस बार सितंबर में भुगतान किया जा रहा है। हालांकि अब 1 सितंबर को राशि जारी होने की तारीख तय होने से जिले के 936 विद्यार्थियों को लेपटॉप की राशि का इंतजार खत्म होने जा रहा है।

78 .35 फीसदी रहा 12वीं का रिजल्ट
इस वर्ष जिले में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 78 .35 प्रतिशत रहा था। परीक्षा में 8286 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 3673 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। निजी विद्यालय की छात्रा उमामा ने जीव विज्ञान विषय से 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 7वां स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। जिले के परिणाम में इस वर्ष उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया, जिससे शिक्षा स्तर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला।

एबीवीपी नगर इकाई कार्यकारिणी की घोषणा

पानसेमल, (नवभारत)।
स्थानीय श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय में एबीवीपी नगर इकाई कार्यकारिणी की घोषणा हुई। अभाविप भाग संयोजक दर्शन महाजन ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो 9 जुलाई 1949 से लगातार छात्रहितों के कार्य करते आ रहा है।

शिक्षा क्षेत्र में सुधार एवं विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न विषयों के लिए कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एबीवीपी नगर मंत्री के रूप में भूषण शिम्पी, निखिल सिरसाठ, पवन वारूडे, हर्षदा पाटिल, केतन पाटिल को नगर सहमंत्री एवं नगर जनजाति प्रमुख रविन आर्य, नगर जनजाति सह प्रमुख चेतन किराडे, नगर एसएफएस संयोजक पुनम भोसले, नगर एसएफएस सह संयोजक मीनु शिवहरे, नगर कला मंच संयोजक दिव्या निकुंभए, नगर कला मंच सह संयोजक वर्षा माली, नगर एसएफएस संयोजक परी पाटिल, एसएफएस सह संयोजक रोशन पाटिल, नगर महाविद्यालय संयोजक अविनाश कुवर, नगर महाविद्यालय सह संयोजक भावेश्वरी चौधरी, नगर छात्रावास संयोजक शाहिद तेली, नगर छात्रावास सह संयोजक कुशल चित्ते, नगर खेलों भारत संयोजक साहिल कोली, नगर खेलों भारत सह संयोजक जयेश पटेल, नगर कार्यकारिणी सदस्य प्रियंका पवार, नगर कार्यकारिणी सदस्य डोली चौहान की घोषणा की गई है। इस अवसर पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य योगिता महाले, अभाविप भाग संयोजक दर्शन महाजन, पूर्व नगर मंत्री प्रसन्न पाठक सहित महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी है।

एक नजर में

गन्ने के खेत में आग से किसान को नुकसान

पानसेमल। ग्राम कांसुल के गन्ने के खेत में आग लगने से किसान को आर्थिक नुकसान हुआ है। समय रहते आग पर काबू पा लिया, नहीं तो नुकसान और अधिक हो सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर को किसान प्रभाकरराव शितोले के खेत में गन्ने की फसल में आग लग गई, जिसके बाद किसानों ने अपने स्तर से ट्यूबेल और गन्ने के ऊपरी हिस्से को काटकर आग बुझाई और गन्ने काटने के कोयते से गन्ने की ऊपरी हिस्से को काटा, जिससे आग पर काबू पाया। दिलीपराव शितोले, रावसाहब शितोले, नंदकिशोर शितोले, नयन राजपूत, दीपक केदार, रोहित राजपूत, ऋषिकेश शितोले, गौरव शितोले, राजकुमार तापकिरे, सचिन तापकिरे, भूरला सहित अन्य ग्रामीण सूचना के बाद तुरंत पंहुचे। किसानों ने डीपी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है और बिजली विभाग को सूचना देकर केबल और डीपी के लूज कॉन्टेक्ट को दुरुस्त करने की मांग की। मौके पर लाइनमैन जगदीश महाजन, सहायक रणजीत निगवाल पहुंचे और किसानों से चर्चा कर समस्या समझी और आवश्यक सुधार किया। किसान दिलीप राव शितोले के अनुसार करीब आधा एकड़ गन्ने की फसल नुकसानी की अनुमानित कीमत 50000 के आसपास बताई गई है।

शिव डोला में हर-हर महादेव के घोष से गूंज उठा शहर

बड़वानी, (नवभारत)।
श्रावण मास की पूर्णाहुति के अवसर पर शहर के आराध्य राजाधिराज भगवान श्रीरामकुल्लेश्वर महादेव का 46वां ऐतिहासिक एवं भव्य शिव डोला सोमवार को राजसी ठाठ-बाठ के साथ नगर भ्रमण पर निकला। श्रीरामकुल्लेश्वर महादेव मंदिर से दोपहर में निकले शिव डोले में फूलों और आकर्षक रोशनी से सजे शाही डोले में भगवान श्रीरामकुल्लेश्वर महादेव विराजित रहे। डोले के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और पूरा शहर शिवमय नजर आया।

नासिक महाराष्ट्र के प्रसिद्ध ढोल-ताशा पथक ने ऊर्जावान प्रस्तुतियों से माहौल भक्तिमय कर दिया। दिल्ली की शिव अघोरी बारात

विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों, नंदी-गण, भूत-पिशाच एवं देवी-देवताओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। धार्मिक एवं सामाजिक संदेशों पर आधारित आकर्षक झांकियां शामिल रही। गुजरात के आदिवासी लोकनृत्य, धनगर समाज की भजन प्रस्तुति, राधाकृष्ण रास, कृष्ण-सुदामा की प्रस्तुति सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने डोले की शोभा बढ़ाई। श्री बजरंग व्यायामशाला के पहलवानों ने पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन के जरिए शौर्य एवं प्राचीन युद्धकला का प्रदर्शन किया।

डोला मार्ग पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा भगवान श्रीरामकुल्लेश्वर महादेव का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 40 से अधिक स्थानों पर जलपान एवं प्रसादी के स्टॉल लगाए। पारंपरिक आलू की विशेष प्रसादी का भी वितरण किया गया। वहीं करीब 8 से 10 स्थानों पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। सुरक्षा के लिए करीब 140 पुलिस जवान तैनात रहे। शिव डोले के अवसर पर शहर भगवा पताकाओं और झंडों से सजा नजर आया। ढोल-ताशों की गूंज, धार्मिक झांकियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और हर-हर महादेव के जयघोष ने शहर को शिवमय कर दिया।

शिव डोला श्रीरामकुल्लेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुंचा। जहां धार्मिक आयोजन एवं महाआरती की गई।

ड्रोन कैमरे से की पूरे मार्ग की सर्चिंग

बड़वानी। बड़वानी और सेंधवा में निकलने वाले शिव डोला को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में सुरक्षा के पुख्ता

एवं कड़े इंतजाम किए गए। सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप देते हुए सर्वप्रथम संपूर्ण शिव डोला मार्ग की ड्रोन कैमरों की मदद से सघन सर्चिंग की गई। मार्ग के आसपास की बहुमंजिला इमारतों का सूक्ष्मता से जायजा लेने के बाद बड़वानी-सेंधवा ड्यूटी में तैनात किए पुलिस बल को एकत्र कर विस्तार से ब्रीफिंग दी गई।

एहले सुन्नत मुस्लिम जमात ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

पानसेमल, (नवभारत)।
एहले सुन्नत मुस्लिम जमात द्वारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मप्र समान नागरिक संहिता का पुनर्विलोकन कर निरस्त करने की मांग के लिए एसडीएम रमेश सिसोदिया को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मध्य प्रदेश शासन द्वारा राज्य में समान नागरिक संहिता को संविधान दिए गए मौलिक अधिकारों के विपरित बताते हुए विभिन्न बिंदुओं तथा धाराओं, अनुच्छेद का उल्लेख भी किया गया। एसडीएम रमेशचंद्र सिसोदिया ने योग्य माध्यम से ज्ञापन आगे पहुंचाने की बात कही है।

जमात सदर सहित मौजूद रहे समाजजन
इस दौरान एहले सुन्नत मुस्लिम जमात सदर रफीक राठौड़ सहित अन्य समाजजन मौजूद रहे।

झाबुआ-आलीराजपुर

सावन में हर घर किया संगीतमय मास पारायण

यज्ञ में आहुति डालकर किया समापन

मेघनगर। नगर की धार्मिक संस्था श्री सरस्वती रामायण मण्डल मेघनगर द्वारा 45 वर्षों से श्रावण मास मे घर घर पहुंचकर संगीतमय मास पारायण किया जा रहा था इस वर्ष भी 46 वे श्रावण मास को दुम धाम से संगीतमय मास पारायण किया जो 27 जुलाई से प्रारंभ होकर 28 अगस्त को रामायण पूर्ण होने पर 30 अगस्त को यजमान जयन्त जी सिंगल के निवास पर सुबह राम दरबार की स्थापना पूजा अर्चना कर 12 बजे सुन्दर काण्ड के प्रत्येक दोहे पर यज्ञ मे आहुति देकर एक हजार हनुमान सहस्त्र नाम की सामुहिक आहुति देकर पुर्णा आहुति की आरती कर प्रसाद वितरण किया मण्डल द्वारा यजमान जयन्त सिंगल का रामायण पुस्तक साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया मण्डल के संरक्षक मुकेश मेहरता ने बताया कि श्रावण माह में आयोजित आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में अनिल सोनी मोहनलाल ब्रजवासी काकु बसेर अल्पेश जाटव रिषभ मेहता हरिहर शर्मा तेजमल डामोर कुलदीप सोलंकी मयुर धनगाया हर्षित प्रजापति धनराज कांग रिषभ बैंड मनिश शर्मा निलेश बैंड विनोद भाई रतलाम अजय रतलाम आयुष गर्ग छोटू शर्मा सहित सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा

जागरूकता अभियान के साथ शहर की यातायात व्यवस्था पर भी नजर

हिट एंड रन, राहवीर और पीएम राहत योजना का प्रचार-प्रसार

आलीराजपुर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों के साथ शासन की राहत योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिले में विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति उमठ बघेल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा जिले के प्रमुख चौराहों, तिराहों, बस स्टैंड एवं हाट-बाजारों में पंपलेट वितरित कर हिट एंड रन योजना, राहवीर योजना एवं पीएम राहत योजना की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा

रही है। यातायात पुलिस द्वारा फ्लेक्स एवं बैनर के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य दुर्घटना की स्थिति में पीड़ितों को उपलब्ध सहायता योजनाओं की जानकारी देना और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार बनाना है। यातायात पुलिस की यह पहल सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

चौराहों की व्यवस्था भी बने अभियान का हिस्सा-शहर में यातायात जागरूकता अभियान के बीच आम नागरिकों के बीच यातायात व्यवस्था को लेकर भी चर्चा है।

नियम पालन पुलिस के साथ नागरिकों की भी जिम्मेदारी
यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने में केवल पुलिस ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग, निर्धारित स्थान पर पार्किंग, यातायात संकेतों का पालन और सड़क पर अनुशासन बनाए रखने से व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग मिलेगा।

राशन वितरण में लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाई, अगस्त-सितंबर का खाद्यान्न पहले ही आवंटित

मंत्री नागर सिंह चौहान ने उचित मूल्य दुकानों की समीक्षा में दिए सख्त निर्देश, दुकानों पर स्टॉक बोर्ड लगाना अनिवार्य

आलीराजपुर। जिले में उचित मूल्य दुकानों से पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब भारी पड़ सकती है। कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जाए। अनियमितता अथवा लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मंत्री ने जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों की व्यवस्थाओं और खाद्यान्न वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के भ्रमण के दौरान लगातार ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं कि कुछ उचित मूल्य दुकानों पर हितग्राहियों को खाद्यान्न नहीं मिल रहा है। इतना ही नहीं, कुछ विक्रेताओं द्वारा यह कहकर हितग्राहियों को भ्रमित किए जाने की शिकायत भी मिल रही है कि शासन से खाद्यान्न का आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि अगस्त और सितंबर माह का खाद्यान्न पूर्व से ही आवंटित किया जा चुका है।

एक नजर में

चोरी-नकबजनी के माल के साथ वारदात में इस्तेमाल औजार और दो बाइक जब्त

कुख्यात अंतरराज्यीय चोर गिरोह पर कसा शिकंजा, दो आरोपी गिरफ्तार

जोबट। चोरी, नकबजनी, लूट और डकैती की वारदातों को अंजाम देने वाले कुख्यात अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ जोबट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के दो आरोपियों छगन बघेल एवं सुमजी मोहनिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से चोरी-नकबजनी का मशरूका, वारदात में इस्तेमाल दो मोटरसाइकिल तथा ताले व अन्य सामान तोड़ने के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों से भरा बैग बरामद किया गया है। गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी का माल खपाने वाले व्यक्ति की भी तलाश जारी है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह के



निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति उमठ बघेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी आशुतोष पटेल के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार 27 अगस्त की मध्यरात्रि को जोबट के गणेश मंदिर के सामने फरियादी तुकाराम धुले के सूने मकान का ताला तोड़कर चार आरोपी अंदर घुसे थे। आरोपियों ने अलमारियों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, नकदी एवं घरेलू सामान चोरी करने का प्रयास किया। खटपट की आवाज सुनकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। भीड़ को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन पानसिंह, सुमजी और छगन को लोगों ने घेरकर पकड़ लिया, जबकि दिलीप मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस के पहुंचने पर तीनों आरोपी घायल अवस्था में मिले, जिन्हें उपचार के लिए शासकीय चिकित्सालय जोबट में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान आरोपी पानसिंह पिता लक्ष्मण अजनार की घबराहट के कारण हार्ट फेल होने से मृत्यु हो गई।

पूछताछ में कई वारदातों का खुलासा
पुलिस के अनुसार उपचार के दौरान पूछताछ में आरोपी छगन बघेल और सुमजी मोहनिया ने जोबट सहित आसपास के क्षेत्रों में चोरी एवं नकबजनी की कई वारदातों में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा अन्य थाना क्षेत्रों की पुलिस को भी जानकारी देकर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में उदयगढ़, आम्बुआ, कुक्षी, बड़वानी, बाग सहित गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों में भी चोरी, नकबजनी और लूट की वारदातों की जानकारी सामने आने की बात पुलिस ने कही है।

वारदात में इस्तेमाल आधुनिक उपकरण बरामद
पुलिस ने आरोपी छगन बघेल के कब्जे से एक काले रंग का बैग बरामद किया है। इसमें हाइड्रोलिक क्रिम्पिंग टूल, ड्रिल्टष्ट्ठ कंपनी की बैटरी वाली ड्रिल मशीन, 14 एमएम बिट, लोहे का सब्बलनुमा पाना, पेचकस और हाथ के ग्लव्स सहित अन्य सामान मिला। इसके अलावा फरियादी के घर से चोरी किया गया सामान एवं दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने चोरी का माल बेचने वाले एक अन्य व्यक्ति का नाम भी बताया है, जिसे प्रकरण में आरोपी बनाया गया है और जिसकी तलाश की जा रही है।

सादगी के साथ तपस्वी अनिता भण्डारी ने पूर्ण किया सिद्धि तप

पेटलावद। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, पेटलावद में चातुर्मास के पावन अवसर पर दूसरा सिद्धि तप साध्वी मंडल के पावन सानिध्य में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ।

महासती पूज्या रुचिताजी मसा, पूज्या आशाश्रीजी मसा, पूज्या सौम्यप्रभाजी मसा और पूज्या हर्षाजी मसा ठाणा-4 के पावन सानिध्य में अनीता नरेन्द्र कुमार भण्डारी (मोदी) ने सिद्धि तप की उत्कृष्ट आराधना पूर्ण की। तपस्वी अनिता भण्डारी ने अपनी तपस्या को अत्यंत सादगी, शांत भाव एवं धार्मिक निष्ठा के साथ पूर्ण किया। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि उन्होंने तपस्या पूर्ण होने पर संघ द्वारा किए जाने वाले सम्मान को भी विनम्रतापूर्वक स्वीकार करने से मना कर दिया। उनकी यह सहजता, विनम्रता एवं तप के प्रति समर्पण उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायी रहा। तपस्वी अनीता भण्डारी पूर्व में भी मासखमण सहित अनेक दीर्घ एवं उग्र तप आराधनाएं कर चुकी हैं। उनकी निरंतर तप साधना धर्म के प्रति गहरी आस्था, आत्मबल एवं आध्यात्मिक समर्पण का परिचायक है। तपस्वी अनीता भण्डारी श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, पेटलावद के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार भण्डारी (मोदी) की धर्मसहायिका हैं। सिद्धि तप जैसी उत्कृष्ट तप आराधना का निर्विघ्न एवं सादगीपूर्ण रूप से पूर्ण होना समस्त श्री संघ के लिए हर्ष एवं गौरव का विषय रहा। इस अवसर पर उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने भी तपस्विनी के प्रति श्रद्धाभाव व्यक्त करते हुए उनकी तपस्या की हृदयपूर्वक अनुमोदना की।